उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
19सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश– 226001

सूचना/विज्ञप्ति

आरक्षी नागरिक पुलिस एवं आरक्षी पी0ए0सी0 के पदों पर सीधी भर्ती–अक्टूबर–2018 की भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण का आयोजन।

संख्याः पीआरपीबी–एक(DV/PST)–2(138)/2018–II, **दिनांक नवम्बर 22 ,2019**

आरक्षी नागरिक पुलिस के 31,360 एवं आरक्षी पी0ए0सी0 के 18,208 पदों को भरे जाने के सम्बन्ध में बोर्ड द्वारा प्रकाशित की गयी सूचना/विज्ञप्ति संख्या पीआरपीबीः एक–1(138) 2018 दिनांकित 16–11–2018 की भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत सम्पन्न लिखित परीक्षा के सफल पाये गये अभ्यर्थियों से कुल रिक्तियों की संख्या को दृष्टिगत रखते हुये, योग्यता (मेरिट)के आधार पर 2.5 गुना अभ्यर्थियों को अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु बुलाया गया है।

अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण दिनांक 28–11–2019 से कराया जाना है। इसके लिये प्रथम चरण में D-01 सें D-05 तक के अभ्यर्थियों का एडमिट कार्ड उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट पर दिनांक 25–11–2019 को अपलोड होगा। D-01 से D-05 तक के अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु निर्धारित तिथि व समय पर अपने सेन्टर पर पहुँचना सुनिश्चित करेंगे। D-05 के बाद के अभ्यर्थियों के अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु एडमिट कार्ड अपलोड किये जाने की सूचना शीघ्र बोर्ड की वेबसाइट पर प्रकाशित की जायेगी। अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट प्रतिदिन देखते रहें।

22/11

अपर सचिव भर्ती,
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।